First Year Hindi
Gautami Shah/गौतमी शाह

CC BY NC SA

टीवी शो: सत्यमेव जयते(२०१२)
Season 1 Episode 10 “Untouchability: Dignity for All”
आमिर खान प्रोडक्शंस और स्टार प्लस
Host: Aamir Khan, Guest: Dr. Kaushal Panwar

Transcript of clip: “Renting an apartment in Delhi”. Counter numbers: 18:56-20:03
This clip has a disturbing narrative with disturbing implications.

डॉ. कौशल पंवार: लेकिन मैं सिर्फ़, इस में यह कहूँगी, कि caste का factor यह जो अछूतपन का जो है, इतना भयानक है कि आप इसको कही तक भी ले जाइए, सामने ही मिलता है। Even यहाँ दिल्ली यूनिवर्सिटी में रहते हुए भी। आज भी वही स्थितियाँ हैं, आज भी ऐसे ही व्यहवार होता है, जो उस पाँचवीं-चौथी क्लास के बच्चे के साथ हुआ करता था, लेकिन उसका तरीक़ा बदल चुका है।

छोटी-सी चीज़ मैं यह बताना भी चाहूँगी, अभी मैं तो यूनिवर्सिटी में प्रोफ़ेसर लग चुकी हूँ, दिल्ली में, मैंने वहाँ rent पे room लिया। वो उनके मैंने उन्हें बता भी दिया था सीधा-सीधा, कि मैं दलित community से हूँ। उसने तब कुछ नहीं कहा। मैं हर रोज़ थोड़ा-सा लेट आती थी - क्लासें जो होती थीं। एक दिन, by chance मैं थोड़ा-सा पहले आई। मैंने देख मेरी माँ झाड़ू लगा रही है आँगन में, जो हमारा नहीं था। वो तो मकान मालिक का था जिसका घर मतलब हमने rent पर लिया हुआ था। तो मैंने कहा, यह किसने कहा तुम्हें करने के लिए? उसने कहा कि वो बोल रही थी ऊपरवाली। मेरे को इतना गुस्सा आया...

आमीर खान: मकान मालिक?

डॉ. कौशल पंवार: मकान मालिक। मैं फिर फ़टाफ़ट गई, मेरेको गुस्सा आया बहुत, मैंने फिर कहा कि आंटी आप ये क्या करवा रही है आप? उसने कहा कि ठीक है, काम तो करना ही पड़ेगा, चाहो तो कमरा ख़ाली कर दो।

आमीर खान: काम तो करना ही पड़ेगा, मतलब?

डॉ. कौशल पंवार: तो फिर मैंने अगले दिन ही room ख़ाली कर किया।

शब्दावली:

भयानक (adj) = frihgtful
व्यहवार (nm) = behavior
तरीका (nm) = manner, way of doing something

आँगन (nm) = courtyard
फ़टाफ़ट/फटाफट (adv) = right away
हद (nf) = limit

निकालना (v) = to remove
भंगी (nm) = झाड़ू लगाने और मैला उठाने वाला व्यक्ति